

# आग से 40 एकड़ में खड़ी फसल हुई राख

- शाम को राजस्व मंत्री मौके पर पहुंचे और जायजा लिया
- प्रतिदिन घटित हो रही हैं आगजनी की घटनाएं

**मायूस किसानों के बीच ढांढस बंधाने पहुंचे राजस्व मंत्री**

ग्राम आलमपुरा में हुए भीषण अग्निकांड की जानकारी मिलने के बाद राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा शाम को आलमपुरा के ग्रामीणों के बीच पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाया. इस दौरान उन्होंने खेतों में हुए नुकसान का जायजा लिया और मौके पर मौजूद तहसीलदार एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन किसानों का इस आगजनी में नुकसान हुआ है, उनके नुकसान का शीघ्र सर्वे किया जाए और उन्हें तत्काल क्षतिपूर्ति राशि दी जाए. किसान हमारे अन्नदाता हैं इनकी तकलीफ को तत्काल दूर करें.

नवभारत न्यूज

**सीहोर 16 मार्च. जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम आलमपुरा में सोमवार दोपहर अचानक भड़की भीषण आग ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पककर कटाई के लिए तैयार खड़ी लगभग 40 एकड़ फसल को अपनी चपेट में ले लिया. कुछ ही देर में खेतों में लगी लपटों ने कई किसानों की फसल पूरी तरह जलाकर राख कर दी, जिससे अनेक किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा.**

बताया जा रहा है कि दोपहर के समय खेतों में अचानक आग भड़क उठी. तेज हवा के कारण आग तेजी से एक खेत से दूसरे खेत में फैलती चली गई. खेतों में खड़ी गेहूं की सूखी फसल होने के कारण आग ने कुछ ही समय में बड़ा क्षेत्र घेर लिया. ग्रामीणों ने जब खेतों से धुआं और लपटें उठती देखीं तो तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए.

आग की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और अपने-अपने स्तर पर आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए. ग्रामीणों ने ट्रैक्टरों में बक्खर, रोटावेटर और प्लाऊ लगाकर खेतों में गहरी नालियां और जुताई कर दी, ताकि आग आगे न बढ़ सके. इस प्रयास से आग के फैलाव को काफी हद तक रोका जा सका. इसके अलावा आसपास के गांवों से पानी के टैंकर भी मौके पर पहुंच गए, जिनकी मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया.

ग्रामीणों की घंटों की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर नियंत्रण पाया जा सका, लेकिन तब तक आधा दर्जन से अधिक किसानों की पूरी फसल जलकर खाक हो चुकी थी. कई अन्य किसानों की फसल भी आंशिक रूप से प्रभावित हुई है. किसानों का कहना है कि फसल पूरी तरह तैयार थी और आजकल में कटाई शुरू होने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही आग ने उनकी सालभर की मेहनत को राख में बदल दिया.

## आरोन में 25 मार्च को लगेगा जिला स्तरीय रोजगार मेला

**गुना।** लघु व मध्यम उद्यम तथा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशन में गुना जिले के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए 'युवा संगम' कार्यक्रम का आयोजन निरंतर जारी है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में इस माह का जिला स्तरीय रोजगार मेला 25 मार्च 2026 को आरोन तहसील में आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी बी.एस. मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च शिक्षा विभाग और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से यह मेला शासकीय महाविद्यालय, आरोन में प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आकांक्षी युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर एक ही मंच पर उपलब्ध कराना है।

# नियम विरुद्ध संचालित हो रहे मैरिज गार्डन

## नपा के रिकार्ड में सिर्फ 20 मैरिज गार्डन रजिस्टर्ड

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 16 मार्च. शहर में आधा सैकड़ों से अधिक मैरिज गार्डन संचालित हो रहे हैं। लेकिन नपा ने प्रशासन से उपविधियों का अनुमोदन कराने के बाद भी उन नियमों का पालन नहीं कराया, जिनका उल्लेख उसमें किया गया।**

सिर्फ नगरपालिका ने नोटिस दिए है। नोटिस में यह जानकारी दी गई है कि कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध होना अनिवार्य है। इनके अभाव में अनाधिकृत विवाह स्थल घोषित कर वैधानिक कार्यवाही करने की चेतावनी दी है। जारी नोटिस में कहा गया है कि विवाह स्थल के पंजीयन एवं उपभोग के नियंत्रण के संबंध में आदर्श उपविधि 2020 प्रभावशील की गई है। प्रावधानों के तहत निकाय से नियमानुसार विवाह स्थल का पंजीयन कराया जाकर समस्त शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। विवाह स्थल के पंजीयन एवं उपभोग अनुज्ञप्ति के लिए सभी शर्तों को पूरा कर आवेदन निकाय में प्रस्तुत करें। ऐसा नहीं किए जाने पर विवाह स्थल को अनाधिकृत घोषित कर वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।



बता दे कि नगरपालिका के रिकार्डों में मात्र 20 ही मैरिज गार्डन रजिस्टर्ड है, जो शहर में संचालित हो रहे है। इनमें भी कई मैरिज गार्डन ने पंजीयन का रिन्यूवल नहीं कराया है। वहीं कई मैरिज गार्डन का रिकार्ड तक नगरपालिका के पास उपलब्ध नहीं है और वे बेधडक संचालित हो रहें है। ऐसे मैरिज गार्डन संचालकों ने संपत्ति टैक्स तो दूर, लाइसेंस फीस तक जमा नहीं की है। जिससे नपा को राजस्व नुकसान हो रहा है।

सीजन में मैरिज गार्डन संचालक एक-एक दिन का लाखों रूपये किराया वसूल करते है। लेकिन सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर अधिकांश मैरिज गार्डन के पास कोई इंतजाम तक नहीं है। यहां तक कि इन मैरिज गार्डन में होने वाले आयोजनों के दौरान गाडियां भी सडक और सडक किनारे ही पार्क की जाती है। मैरिज गार्डनों के पास उचित पार्किंग व्यवस्था तक नहीं है। सुरक्षा को लेकर कई मैरिज गार्डन नियमों का पालन नहीं कर रहे। साथ ही कई गार्डनों के प्रवेश द्वार छोटे हैं। जिससे कभी भी हादसे का डर बना रहता है। शादियों का सीजन शुरू होने के कारण सडक किनारे बने गार्डनों की वजह से आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है, क्योंकि गार्डन संचालकों ने पार्किंग के लिए कोई इंतजाम नहीं किए हैं।




## राज्य स्तर शिविर से लौटी छात्रा का सम्मान

नवभारत न्यूज

**विदिशा, स्थानीय सेंट मेरी पीजी कॉलेज विदिशा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्रा कु. पलक बानित्कर बीएससी फर्स्ट ने राष्ट्रीय सेवा योजना मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर चित्रकूट तहसील मझगवा जिला सतना, मध्यप्रदेश में 8 से 14 मार्च तक आयोजित बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय की ओर से राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में सहभगिता की.**

शिविर में छात्रा का प्रदर्शन सरहानीय रहा. वहां टीम वर्क, समस्या समाधान, संचार कौशल, प्रभावी नेतृत्व, के विभिन्न सत्रों में सहभागिता की.संस्था में लौटने पर छात्रा की उपलब्धि पर संस्था सचालक फादर सिटो वर्गीज, प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सचान द्वारा सम्मानित किया गया, इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो अरविंद द्विवेदी, प्रो दीपा राठौर (महिला इकाई), सिस्टर प्रभावती एवं स्टाफ मेम्बर्स एवं छात्रों द्वारा बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई.

# 8 करोड़ की राशि से बनाई जायेगी सड़क

## महापौर परिषद की बैठक संपन्न, नगर सौन्दर्यीकरण के विभिन्न विषयों पर चर्चा

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मार्च. महापौर परिषद की बैठक महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी की अध्यक्षता में निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं एम आई सी सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई. जिसमें नगर विकास एवं सौन्दर्यीकरण के विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिए गए.**

शहर में विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री अधोसंरचना अंतर्गत 8 करोड की राशि से शहर के सड़कों का निर्माण कार्य किया जायेगा. बगैर अनुमति के चल रहे मैरिज गार्डनों के विरूध्द सख्ती के साथ कार्यवाही की जावेगी. शहर में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या को दृष्टिगत रखते हुये विभिन्न स्थानों पर नालों का निर्माण, सौन्दर्यीकरण के विभिन्न कार्यो एवं नागरिकों की सुविधा हेतु टायलेट निर्माण कराने की स्वीकृति प्रदान की गई.



ननि क्षेत्र में संबंधित मैरिज गार्डनों का अनुविज्ञाप्ति की दरों में वृध्दि किये जाने एवं नगर पालिका अधिनियम के तहत कारखाना खोलने की अनुमति लिये जाने हेतु उसके शुल्क निर्धारण करने के संबंध में शुल्क संशोधित करने की स्वीकृति प्रदान की गई. कारखाना संचालन की अनुमति लेना अनिवार्य किया गया जिसका अनुमति शुल्क निर्धारण की स्वीकृति प्रदान की गई इसके साथ ही अनाधिकृत मैरिज गार्डन एवं अपंजीकृत मैरिज गार्डन संचालन को रोकने के लिए 5 सदस्यीय समिति गठित करने का निर्णय लिया गया.

## ई-गवर्नेंस के माध्यम से आधार पंजीयन कार्य जारी

**टीकमगढ़।** समस्त आधार ऑपरेटरों को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी के माध्यम से आधार पंजीयन का कार्य किया है। यूआईडीएआई द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार एमपीएसईडीसी भोपाल से नवीन आधार एवं मेंडेटरी अपडेट की राशि का भुगतान जून 2018 से नबम्बर 2024 तक के लिये जिला ई गवर्नेंस सोसायटी के द्वारा आधार ऑपरेटर को किया जाना है जमा की गयी राशि, एवं सुरक्षा निधि समायोजन के उपरांत आपसे राशि जिला ई- गवर्नेंस सोसायटी के खाते में जमा कराए जाना शेष है। राशि जमा कराना सुनिश्चित करें, राशि जमा नहीं होने की स्थिति में जिला ई- गवर्नेंस सोसायटी आधार संबंधी कार्यों से ब्लैकलिस्ट की जाएगी।

# लाखों से बनी मंडी खाली, सड़क पर लग रहा बाजार

- बढ़ रहा हादसों का खतरा यातायात बाधित
- सड़क किनारे दुकानों से लोगों को परेशानी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 16 मार्च, रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार स्थित हनुमान मंदिर से मिल रोड तक सड़क पर लग रही सब्जी दुकानों के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.सड़क के बीचों-बीच दुकानें लगने से यातायात प्रभावित हो रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है.**



स्थिति यह है कि सड़क पर सब्जी की दुकानों के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है. ललितपुर-सागर क्षेत्र से बड़ी संख्या में सब्जी विक्रेता यहां आकर सड़क किनारे ही दुकानें लगा लेते हैं, जिससे वाहनों का आवागमन बाधित होता है.नगर पालिका द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की बात कही जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है.दुकानदारों का आरोप है कि नगर पालिका कर्मचारी उनसे रसीद काटते हैं, जिसके बाद दुकानों को हटाने की कार्रवाई नहीं होती.सब्जी विक्रेताओं के अनुसार वे सुबह पुरानी कृषि मंडी परिसर में दुकान लगाते हैं, जहां उनसे रसीद के नाम पर पैसे लिए जाते हैं.वहीं शाम को मिल रोड पर दुकान लगाने पर भी नगर पालिका कर्मचारी रसीद काटते हैं.कुछ दुकानदारों का आरोप है कि कई बार पैसे लेने के बावजूद रसीद भी नहीं दी जाती.रेलवे स्टेशन से अंबेडकर चौक तक सड़क के दोनों ओर हाथ ठेले और दुकानें खड़ी रहने से बाजार की व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई है और लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है.गौरतलब है कि नए बस स्टैंड पर सब्जी मंडी के लिए लाखों रुपये की लागत से पक्की दुकानें बनाई गई थीं और उनकी नीलामी भी की गई थी, लेकिन वहां आज तक सब्जी बाजार शुरू नहीं हो सका.समय के साथ कई दुकानें जर्जर हो गईं.

## रोजगार मेले में 1706 पदों पर होगी भर्ती

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 मार्च को महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा. रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा अनेक कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा. इसके साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा और नये प्रकरण तैयार किये जाएंगे. इसी प्रकार आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को चयनित किया जाएगा.

## एक नजर में




### महंगाई और गैस संकट के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**बुधनी.** बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की कालाबाजारी के विरोध में सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने तहसील कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया. कार्यकर्ता खाली गैस सिलेंडर लेकर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए गैस की आपूर्ति सुचारू करने व महंगाई पर नियंत्रण की मांग उठाई. प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनू राजपूत ने किया. इस दौरान किसान कांग्रेस नेता छगनलाल दुबे, पूर्व पार्षद अजय यादव, रामेश्वर प्रसाद, प्रमोद चौहान, इंटक जिला अध्यक्ष आमिर पटेल, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे, कल्पेश चौहान, राजीव दुबे, निखिल दायमा, विशाल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे. कार्यक्रम के अंत में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की धर्मपत्नी सुभद्रा वर्मा के असामयिक निधन पर मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई.

### तेनगुरिया को मिला कार्यकारी जिलाध्यक्ष का दायित्व

**गंजबासौदा**, मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एमपी द्विवेदी ने प्रदेश महासचिव सुभाष शर्मा एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ .अनिल भार्गव की अनुशंसा पर वरिष्ठ कर्मचारी नेता नीरज तेनगुरिया को मोर्चे का विदिशा का कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है. इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए अनेक अधिकारी कर्मचारियों ने श्री तेनगुरिया को बधाई देते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है.

### महामंडलेश्वर महाराज की पदयात्रा का भव्य स्वागत

**गुना।** धूमेश्वर धाम (भितरवार) के महंत महामंडलेश्वर 1008 अनिरुद्ध वन जी महाराज के नेतृत्व में निकाली जा रही 460 किलोमीटर लंबी ऐतिहासिक पदयात्रा आज मंगलवार को गुना नगर की सीमा में प्रवेश करेगी। राष्ट्रवाद, विश्व शांति और जनकल्याण के पावन संकल्प के साथ निकाली जा रही यह यात्रा 15 मार्च को गुना जिले की सीमा में प्रवेश कर चुकी थी, जिसका आज नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, पदयात्रा आज प्रातः 10 :00 बजे बिलोनिया और नानाखेड़ी होते हुए हनुमान चौराहा पहुंचेगी। जयस्तंभ चौराहे होते हुए यात्रा मानस भवन पहुंचेगी, जहाँ संत मंडल के विश्राम एवं भोजन की विशेष व्यवस्था की गई है।

### साहू समाज ने मनाया मां कर्मा जन्मोत्सव

**मुलताई।** नगर मे साहू समाज द्वारा आराध्य देवी मां कर्मा जन्मोत्सव के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए ।साहू समाज अध्यक्ष पवन साहू बिसने एवं मां कर्मा जन्मोत्सव कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा साहू ने बताया सुबह 11 बजे जगन्नाथ मंदिर में सामाजिक बंधुओं द्वारा भोग लगाकर बजरंग दल चौंक पर खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया 4 बजे से शीतला माता मंदिर में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ किया एवं 7 बजे महाआरती की आरती के पश्चात समाज में मेघावी छात्र छात्राओं एवं सेवानिवृत कर्मचारियो को सम्मानित किया एवं इस अवसर पर गौ सेवा एवं गौ रक्षकों एवं शीतला माता मंदिर में प्रतिदिन आरती पूजा करने वाले भक्तों का सम्मान किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विचार व्यक्त किए ।कार्यक्रम में सभी सामाजिक बंधुओं एवं अतिथियो का साहू समाज अध्यक्ष पवन साहू बिसने ने आभार व्यक्त किया।

### खेतों में आगजनी रोकने बदलाव

**राजगढ़.** ग्राम पंचायतों के सरपंचों द्वारा प्राप्त लिखित अनुरोध तथा मंत्री, विधायक एवं जिला प्रशासन के निर्देशों के पालन में दिन के समय शॉर्ट सर्किट से संभावित आगजनी की घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से विद्युत सप्लाई प्लान में आंशिक परिवर्तन किया गया है. म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा कंपनी के निर्देशों एवं वरिष्ठ कार्यालय से चर्चा उपरांत यह निर्णय लिया गया है कि राजगढ़ जिले के अंतर्गत आने वाले सभी 33/11 केवी उपकेंद्रों से निकलने वाले 11 केवी ग्रुप के कृषि फीडरों को संचालित किया जाएगा. जिनमें विद्युत आपूर्ति का समय 01.45 बजे से 05.45 बजे एवं 11.45 बजे से 17.45 बजे तक तथा 21.45 बजे से 01.45 बजे एवं 05.45 बजे से 11.45 बजे तक यह समय-सारणी प्रत्येक मंगलवार को परिवर्तित की जाएगी.




## स्वच्छता अभियान की ली शपथ

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मार्च. स्व. अस्थाना की स्मृति में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी गली बचपन की का आयोजन हुआ.**

डॉ. वंदना गुप्ता ने इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में बाल साहित्यकार के रूप में सक्रिय भागीदारी निभाई. राष्ट्र के विभिन्न राज्यों से आए विद्वानों एवं साहित्यकारों ने वैचारिक स्वच्छता अभियान का समर्थन करते हुए समाज में इसे जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया. सभी ने मां-बहन-बेटी के नाम पर दी जाने वाली अपमानजनक गालियों के विरुद्ध समाज को जागरूक करने और एक स्वस्थ, सभ्य एवं संस्कारित भाषा-संस्कृति के निर्माण के लिए मिलकर कार्य करने की शपथ ली.

## फांसी के फंदे पर झूली 18 वर्षीय युवती

**अशोकनगर।** देहात थाना क्षेत्र के शंकर कॉलोनी में एक 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को लगी तो उन्होंने युवती को फंदे से उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार रजनी पुत्री राधेश्याम अहिरवार ने रविवार शाम को अपने घर पर फांसी का फंदा लगा लिया, यह घटना उस समय हुई जब घर पर कोई नहीं था। जैसे की मृतिका की बहन घर पर पहुंची तो उसने युवती को फंदे से उतारा और घटना की जानकारी परिजनों सहित पुलिस को दी।

# डंपर ने छात्राओं को कुचला, एक की मौत



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 मार्च, का. सोमवार को जिला मुख्यालय राजगढ़ में हुए एक दर्दनाक हादसे में डम्पर की चपेट में आने से एक छात्रा की मौत हो गई जबकि एक अन्य छात्रा गंभीर रुप से घायल हो गई. ढलान पर बिना चालक के खड़ा डम्पर एकाएक लुढका जिसने राह जा रही दो छात्राओं को चपेट में ले लिया. डम्पर की चपेट में आने से एक कार एवं कुछ पेड़ भी क्षतिग्रस्त हो गये.**

जानकारी के अनुसार राजगढ़ स्थित नाका नं 3 दरगाह गेट के सामने एक डंपर खड़ा हुआ था जो कि एकाएक ढलान पर लुढकने लगा. डंपर ने सड़क पर जा रही कॉलेज की छात्रा नन्दनी पिता वल्लभ निवासी ग्राम भादाहेड़ी तहसील खिलचीपुर तथा सुमन वर्मा पिता रामचरण वर्मा निवासी ग्राम पीपल्या रसोड़ा तहसील नरसिंहगढ़ को अपनी चपेट में ले लिया.

दोनों छात्राओं को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक द्वारा छात्रा नन्दनी को मृत घोषित कर दिया गया. जबकि एक अन्य घायल छात्रा सुमन का उपचार जारी है.

## विष्णु यज्ञ में शामिल हुए जिला इंकाध्यक्ष

**खिलचीपुर 16 मार्च, सं.** नगर के बड़े मेला ग्राउंड में कैवल्य योग आश्रम द्वारा आयोजित अति विष्णु यज्ञ और सनातनी मेले में सोमवार को पूर्व ऊर्जा मंत्री व कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खींची शामिल हुए. उन्होंने यज्ञशाला में अर्चना यज्ञ में बैठकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की. इस अवसर पर पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी, रिटायर्ड इंजीनियर गजेंद्र सिंह, इंजीनियर मूलसिंह खिंची, पूर्व पार्षद राकेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे. यज्ञशाला में पहुंचने पर सबसे पहले प्रियव्रत सिंह का रामानंदी तिलक लगाकर स्वागत किया गया. वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया.

**अव्यवस्था** | 500 से अधिक छात्र-छात्राएं कॉलेज में अध्ययनरत

# कॉलेज में बच्चों के लिए नहीं है अच्छी व्यवस्था, शौचालयों पर लटके ताले

नवभारत न्यूज

**मोहनगढ़। शासकीय महाविद्यालयों में बच्चों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर महाविद्यालयों में हर महीने समीक्षा बैठक की जाती है और कमियों को चिन्हित कर उनके सुधार को लेकर योजना बनाई जाती है लेकिन शासकीय महाविद्यालय मोहनगढ़ में अध्ययनित छात्रों ने महाविद्यालय प्रबंधन पर घोर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। अध्ययनित छात्र छात्राओं ने बताया महाविद्यालय में 500 से अधिक छात्र छात्राएं अध्यानित है, जिनके लिए ना तो पीने के पानी की व्यवस्था है और ना ही बिजली की व्यवस्था जिससे महाविद्यालय में प्रयोग लैब एवं कंप्यूटर की कक्षाओं के साथ शौचालयो में ताले लटके रहते है और छात्र-छात्राओं को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।**




यहां तक की छात्रों द्वारा बताया गया कि गर्मी का समय आ गया है और महाविद्यालय प्रबंधन के द्वारा महाविद्यालय में पीने के पानी के कोई इंतजाम नहीं किए गए ऐसे में छात्रों को 1 किलोमीटर दूर बस स्टैंड पर नाश्ता एवं भोजनालय की दुकानों पर पानी पीने के लिए जाना पड़ता है इतना ही नहीं महाविद्यालय में पानी की समस्या को देखते हुए शौचालय बंद रहती हैं जिससे दूर से आई हुई बच्चियां महाविद्यालय में लंबे समय अध्ययन के लिए रुक नहीं पाती हैं।

छात्रों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य को कई बार अवगत कराया गया विद्यालय प्राचार्य गनेश प्रसाद अहिरवार का कहना है कि हम क्या करें हम ओर हमारा स्टाफ परेशान रहता हैं आप सभी का परेशान होना कोई बड़ी बात नहीं है।

**निजी फंड से करते हैं बिजली की व्यवस्था : प्राचार्य**

जब इस विषय में महाविद्यालय के प्राचार्य गनेश प्रसाद अहिरवार से बात की गई तो उन्होंने बताया हम क्या कर सकते हैं विभाग को कई बार अवगत करा चुके हैं, हमारे पास कोई निजी फंड प्राप्त नहीं है जिससे हम पानी की व्यवस्थाएं कर पाए, महाविद्यालय में बिजली की व्यवस्था भी हम बड़ी मुश्किल से अपनी जेब का लगाकर कर पाए है। बच्चे तो कुछ भी आरोप लगा सकते है हमें उससे क्या लेना देना।